बुधवार, 28 जून 2017
हिन्दुस्तान

अग्रवाल कॉलेज में कार्यशाला शुरू

बल्लभगढ़ | हमारे संवाददाता

अग्रवाल कॉलेज के संभाग तीन में मंगलवार से तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। जिसका शीर्षक एसपीएसएस (स्टेटिस्किल पैकेज फॉर सोशल साइंसेस) है। कार्यशाला का शुभारम्भ कॉलेज के प्राचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने किया।

प्रॉचार्य ने बताया कि इस एसपीएसएस तकनीक से शोध करने में जुटे शोधकर्ता को डाटा एकत्र करते समय विश्लेषण के लिए अपने परिणामों को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा अथवा सहयोग मिलेगा। इस मौके पर करीब 50 शिक्षकों व विधार्थियों ने बढ़चढ़ करहिस्सा लिया।

कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आशा चावला, सह प्राध्यापक, जी. वी. एम कॉलेज, सोनीपत एवं डॉ. सीमा मलिक, सहायक प्रोफेसर, बी. पी. एस. विश्वविद्यालय, खानपुर कलां ने उपर्युक्त विषय पर सभी प्रतिभागियों के साथ गहन चर्चा की ।

इस कार्यशाला में अग्रवाल कॉलेज के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। पहले दिन प्रथम सत्र में लगभग 50 शिक्षक एवं कुछ विधाथी मौजूद रहे।

छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए

फरीदाबाद। सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत केंद्रीय विद्यालय-2 में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूल में निबंध, भाषण व कला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसमें कक्षा आठवीं, नौवीं व 11वीं के चार सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि बगैर हेल्मेट या सीट बेल्ट लगाए परिवार का कोई सदस्य कहीं भी वाहन चलाए तो उन्हें तुरंत टोकें।